परेशानी

फुटपाथ पर दुकानों का कब्जा, सड़कों पर वाहनों की कतार से बढ़ी परेशानी

# पिसनहारी की मढ़िया से शास्त्री नगर तक अतिक्रमण



**जबलपुर, नवभारत।** शहर के पिसनहारी की मढ़िया से शास्त्री नगर तक का प्रमुख मार्ग इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। पैदल राहगीरों के लिए बनाए गए फुटपाथ अब दुकानों के अस्थायी शोरूम बन चुके हैं। दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों का सामान फुटपाथ से निकालकर सड़क तक फैला दिया है, जिससे पैदल चलने वालों को मजबूरन मुख्य सड़क पर उतरकर चलना पड़ रहा है।

दूसरी ओर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग ने इस मार्ग की चौड़ाई को और कम कर दिया है, जिससे पूरे क्षेत्र में दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। यह इलाका धार्मिक और आवासीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे दुकानों के बाहर रखा सामान और सड़क पर खड़े वाहन दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा रहे हैं। कई स्थानों पर फुटपाथ पूरी तरह गायब हो चुके हैं और उनका उपयोग दुकान विस्तार के रूप में किया जा रहा है। परिणामस्वरूप बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और स्कूली विद्यार्थियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त समय में वाहन चालकों को भी संकरी सड़क से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है, जिससे आए दिन विवाद और यातायात अव्यवस्था देखने को मिलती है।

### कुछ ही दिनों में सामान्य हो जाते हैं हालात

नियमों के अनुसार फुटपाथ केवल पैदल यात्रियों के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन इस मार्ग पर इनका उद्देश्य लगभग समाप्त हो चुका है। दुकानों के सामने खड़े ग्राहक अपने वाहन भी सड़क पर ही छोड़ देते हैं, जिससे आवागमन और बाधित हो जाता है। पास में ही मेडिकल अस्पताल होने के कारण कई बार एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। यदि समय रहते इस समस्या पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में यातायात व्यवस्था और अधिक बिगड़ सकती है। नागरिकों का आरोप है कि समय-समय पर नगर निगम और प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के अभियान तो चलाए जाते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर अस्थायी कार्रवाई के बजाय स्थायी समाधान क्यों नहीं निकाला जा रहा। शहर में पहले भी अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई और सार्वजनिक चर्चा होती रही है, लेकिन कई क्षेत्रों में समस्या दोबारा उभर आती है।

### अतिक्रमण से मिले निजात

लोगो ने मांग की है कि पिसनहारी की मढ़िया से शास्त्री नगर तक सड़क और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई हो तथा नियमित निगरानी की व्यवस्था बनाई जाए। यदि प्रशासन ने समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए तो यह मार्ग यातायात अव्यवस्था, दुर्घटनाओं और नागरिक असुविधा का स्थायी केंद्र बन सकता है।

## मारपीट के दो आरोपियों को जमानत, छह आरोपियों ने वापस ली अर्जी

**जबलपुर।** रीवा जिले के बैकुंठपुर थानान्तर्गत पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की ओर से जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली गई थी। जमानत आवेदन की सुनवाई के दौरान आधा दर्जन आरोपियों ने आवेदन वापस लेने का आग्रह करते हुए कहा है कि वह 6 माह की कारावास अवधि पूरी करने के बाद जमानत आवेदन पेश करेंगे। हाईकोर्ट जस्टिस अजय कुमार निरंकारी ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए प्रकरण में दो अन्य आरोपियों को जमानत का लाभ प्रदान करते हुए शेष आरोपियों की अर्जी खारिज कर दी। दरअसल रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में सुरेश कचेर एवं उनके पुत्र पर हुए जानलेवा हमले में पुलिस ने आठ व्यक्तियों को गिरफतार किया था। जिला न्यायालय ने उनका जमानत आवेदन खारिज कर दिया था। जिसके बाद जमानत के लिए उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। पीड़ित पक्ष ने जमातन आवेदन के विरोध करते हुए एकलपीठ को बताया कि आरोपियों ने पिता सुरेश और बेटे निशांत के साथ बेहरमी से मारपीट की थी।

# जलभराव, जर्जर सड़कों से मिलेगी मुक्ति, कॉरिडोर बदलेगा क्षेत्र की सूरत

दयानंद सरस्वती वार्ड को मिली 2.51 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, हुआ भूमिपूजन




**जबलपुर।** नगर निगम शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास की गंगा बहाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन कार्यों के पूरा होने से स्थानीय नागरिकों को जलभराव और जर्जर सड़कों से हमेशा के लिए मुक्ति मिलेगी। हमारा लक्ष्य क्षेत्र के नागरिकों को सुगम यातायात और सुरक्षित माहौल देना है। सदर और भैंसासुर रोड का यह कॉरिडोर आने वाले दिनों में क्षेत्र की सूरत बदल देगा। यह बातें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने नगर निगम द्वारा दयानंद सरस्वती वार्ड में 2.51 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन करते हुए कहीं । भूमिपूजन के अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि विकास के कार्य महापौर, निगम एवं सी.एम. मॉनिट मद से कराये जायेंगे। शहर के देवतुल्य नागरिकों को बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में विकास कार्यों की नई सौगात दी गई है।

भूमिपूजन के अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड अंतर्गत सदर मेन रोड से रेलवे ब्रिज भैंसासुर रोड तक व्यस्त मार्ग पर यातायात को सुगम और दीर्घकालिक बनाने के लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से एम-40 सी.सी. रोड का निर्माण किया जाएगा। साथ ही, मार्ग को चैड़ा व सुरक्षित करने के लिए पोल शिफ्टिंग और नए विद्युत लाइट पोल लगाने का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शरतचन्द्र तिवारी जी के घर से लेकर कमर्शियल ऑटोमोबाइल्स तक जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए 58.04 लाख की लागत से नाली निर्माण और नागरिकों की सुविधा के लिए पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक डॉ अभिलाष पांडे बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड के विभिन्न आंतरिक क्षेत्रों में 42.54 लाख की लागत से सी.सी. सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ-साथ वार्ड के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र कल्चरल स्ट्रीट के समीप 20.73 लाख की लागत से सी.सी. सड़क का निर्माण कर क्षेत्र को नया स्वरूप दिया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

भूमिपूजन के अवसर पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, स्थानीय पार्षद श्रीमती लवलीन आनंद, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सपन यादव, प्रणीत वर्मा, मनीष जैन, मुकेश कुशवाहा, रवि मिश्रा, दिलीप पटेल, पुष्पराज पाण्डेय एवं बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

एक नजर में

## मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए : कलेक्टर



**जबलपुर।** मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए एवं अस्पताल में साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ सुनिश्चित की जाएं। यह बातें कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से कहीं। उन्होंनेमरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर उपचार व्यवस्था, साफ- सफाई, आवश्यक सुविधाओं तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनुराग सिंह सहित मेडिकल कॉलेज एवं प्रशासन के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 5 .65 लाख के गांजे के साथ युवक गिरफ्तार, सिवनी से जुड़े तार

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दीनदयाल बस स्टैंड के पास कार्रवाई करते हुए 5,65,000 का अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पुलिस ने मौके से सिहोरा निवासी एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस तस्करी नेटवर्क में शामिल दो अन्य आरोपियों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। तस्करी के तार सिवनी से जुड़े हैं। माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिहोरा का रहने वाला एक युवक लाल शर्ट और नीली जींस पहने, अपने पास काले और फिरोजी रंग के बैग में भारी मात्रा में गांजा छिपाकर दीनदयाल बस स्टैंड के बाहर सड़क किनारे किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के कड़े प्रावधानों के तहत तुरंत योजना बनाई और बताए गए स्थान पर दबिश दी। दो बड़े बैग और एक पिट्ठू बैग के साथ खड़े प्रिंस बर्मन 22 वर्ष, निवासी कंकाली मोहल्ला, वार्ड नंबर 3, सिहोरा को पकड़ा गया जब पुलिस ने उसके बैगों की तलाशी ली, तो उनके अंदर से 11 पैकेटों में बंद कुल 11 किलो 301 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जब्त किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 65 हजार रुपये आंकी गई है। जब आरोपी प्रिंस से इस अवैध खेप के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने बड़े रैकेट का खुलासा किया। आरोपी ने कबूल किया कि कंकाली मोहल्ला सिहोरा निवासी जय सेलर ने उसे यह खेप सिवनी में सौंपी थी और इसे कटरा मोहल्ला सिहोरा के रहने वाले मुकेश साहू को डिलीवर करने का काम सौंपा था। पुलिस ने आरोपी प्रिंस बर्मन के कब्जे से गांजा और बैग जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## तत्कालीन एएसपी और टीआई पर 25-25 हजार का जुर्माना

**जबलपुर।** थाने में 24 घंटे से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखने के आरोपों से जुड़े मामले में सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने गोरखपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी अरविंद चौबे तथा तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आदर्श नगर गौरीघाट निवासी अजीत सिंह आनंद ने आयोग को बताया कि 20 जून 2023 को गोरखपुर पुलिस उन्हें घर से थाने ले गई थी और 21 जून को छोड़ा। उन्होंने आरटीआई के तहत थाने लाने-ले जाने से संबंधित रोजनामचा, रिहाई का रिकार्ड तथा सीसीटीवी फुटेज मांगे थे, लेकिन जानकारी नहीं दी गई। प्रथम अपील में तत्कालीन एएसपी ने रिकार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, लेकिन इसके बाद भी आदेश का पालन नहीं हुआ। सुनवाई के बाद रिहाई संबंधी अभिलेख तथा अन्य व्यक्तियों की पहचान छिपाकर संबंधित सीसीटीवी फुटेज निश्शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए रवाना होने वाली 11187 गरीब रथ एक्सप्रेस शनिवार शाम एक गंभीर प्रशासनिक लापरवाही के कारण चर्चा का विषय बन गई। ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंची तो यात्रियों को पता चला कि उनकी बुकिंग वाला जी-9 कोच ट्रेन में मौजूद ही नहीं है। अचानक सामने आई इस चूक से स्टेशन पर अफरा-तफरी का

# गरीब रथ से गायब हुआ जी-9 कोच

माहौल बन गया और यात्रियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुरुआत में रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों को भी यह जानकारी नहीं थी कि ट्रेन से एक पूरा कोच गायब है। जब यात्रियों ने आरक्षण चार्ट का मिलान किया और अपने कोच की तलाश शुरू की, तब मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया। इस पूरी घटना पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि गरीबरथ ट्रेन का जी-9 कोच सिक था जिसे रिप्लेस कर दूसरा कोच तत्काल लगवा दिया गया था।

इसके बाद रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया और कोच को तत्काल जोड़ने की कवायद शुरू की गई। इस पूरी प्रक्रिया के चलते ट्रेन लगभग एक घंटे की देरी से रवाना हो सकी, जिससे सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### लगाना भूल गया स्टाफ

सूत्रों के अनुसार, जी-9 कोच को तकनीकी मेंटेनेंस के लिए पहले ट्रेन से अलग किया गया था। लेकिन मरम्मत के बाद उसे दोबारा ट्रेन में जोड़ने की अनिवार्य प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर भेजने से पहले डिब्बों की अंतिम जांच और सत्यापन क्यों नहीं किया गया। यदि निर्धारित प्रक्रिया का सही ढंग से पालन होता, तो यह स्थिति पैदा ही नहीं होती। बताया जाता है कि बाद में ट्रेन के एक हिस्से को वापस कोचिंग डिपो ले जाकर गायब कोच जोड़ा गया। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर यात्री अपने सामान के साथ इधर-उधर भटकते रहे और रेलवे कर्मचारियों से जवाब मांगते रहे। यह पूरा घटनाक्रम रेलवे की परिचालन व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# गैलरी में रिसाव का सुधार पूरा, कलेक्टर ने लिया जायजा



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बरगी बांध में पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्धता की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने बांध के वर्तमान जलस्तर, पिछले वर्ष की समान अवधि के जलस्तर तथा खरीफ सीजन में धान रोपाईएवं पेयजल आपूर्ति के लिए उपलब्ध जल की स्थिति का विस्तृत आकलन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बरगी बांध की दायीं एवं बायीं तट नहरों की कार्यप्रणाली, जल वितरण व्यवस्था एवं बांध की गैलरी में पूर्व में हुए रिसाव की स्थिति की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि गैलरी में हुए रिसाव का सफलतापूर्वक सुधार कर लिया गया है। कलेक्टर सिंह ने स्वयं गैलरी का निरीक्षण कर मौके पर वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। जल वितरण प्रणाली के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए।

**जल आवक, संभावित जल उपलबध्ता पर चर्चा-** कलेक्टर ने बरगी बांध के कैचमेंट क्षेत्र में हो रही वर्षा, बांध में जल आवक व आगामी दिनों में संभावित जल उपलब्धता की भी समीक्षा की और अधिकारियों को पेयजल एवं सिंचाई की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सतर्कता एवं समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

## पलंग पर पड़ी मिली लाश

**जबलपुर ।** अधारताल थाना अंतर्गत पुष्पक नगर में एक घर में युवक की पलंग पर लाश पड़ी मिली । मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक श्रीमति नीता उइके 36 वर्ष निवासी पुष्पक नगर गली नम्बर 2 अधारताल ने सूचना दी कि उसके पति तुलसीराम उइके 43 वर्ष की रात लगभग 11-30 बजे पलंग पर मृत अवस्था में मिले। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## जेल के समोसे बने शहर की पहली पसंद अब ऑनलाइन डिलीवरी की तैयारी

**जबलपुर, नवभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय कारागार अब केवल बंदियों को रखने का स्थान नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का एक सफल मॉडल बनता जा रहा है। यहां बंदियों के हाथों से तैयार होने वाले समोसे और आलूबंडे अब जेल की चारदीवारी से निकलकर शहर के लोगों की पसंद बन चुके हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए जेल प्रशासन अब इन स्नैक्स की ऑनलाइन डिलीवरी शुरू करने की संभावना पर भी गंभीरता से विचार कर रहा है। यदि यह योजना अमल में आती है, तो जल्द ही लोग घर बैठे जेल में तैयार किए गए समोसे और आलूबंडे मंगा सकेंगे। करीब एक माह पहले जेल के मुख्य द्वार पर शुरू की गई कैंटीन में प्रतिदिन सुबह ताजे समोसे और आलूबंडे बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं। महंगाई के इस दौर में भी इनकी कीमत मात्र 10 रुपये प्रति नग रखी गई है। स्वाद, गुणवत्ता और किफायती दाम के कारण इनकी मांग लगातार बढ़ रही है। शुरुआत में सीमित बिक्री से शुरू हुई यह पहल अब प्रतिदिन लगभग एक हजार समोसे और आलूबंडे की बिक्री तक पहुंच गई है।

निरीक्षण

सुधार के लिए दिया 10 दिन का अल्टीमेटम, फरियादियों की समस्याएं सुनीं, जायजा लिया

# केस पेंडिंग, रजिस्टरों में गड़बड़ी देख एएसपी ने जताई नाराजगी



**जबलपुर ।** गोसलपुर थाने में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जोन 3 आईपीएस श्रीमती अनु बेनीवाल अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गईं। एएसपी के इस औचक दौरे से थाने के अधिकारी और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई।

निरीक्षण के दौरान थाने में सुरक्षा और कामकाज को लेकर कई लापरवाहियां सामने आईं, जिस पर एएसपी ने सख्त नाराजगी जाहिर की बल्कि फटकार भी लगाई। हवालात में सुरक्षा जाली गायब मिली, जिसे तुरंत लगाने के सख्त निर्देश दिए गए। इसके अलावा सालों से लंबित पड़े अपराधों को देखकर एएसपी भड़क गईं और कड़े लहजे में सभी मामलों का तत्काल निराकरण करने का आदेश दिया। इतना ही नहीं थाने के सरकारी रिकॉर्ड और रजिस्टरों की जांच में भारी कमियां पाई गईं, जिस पर एएसपी ने जिम्मेदार स्टाफ को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने इन सभी खामियों को दुरुस्त करने के लिए केवल 10 दिन का समय दिया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, मालखाना, हवालात, सीसीटीवी और रिकॉर्ड्स का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही, थाने में मौजूद फरियादियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

### टूटे बैरीकेड्स और मिली गंदगी, सोमवार को फिर चेक करने पहुंचेंगी

थाना परिसर में जगह-जगह गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। इसके अलावा, खंडहर हो चुके बैरीकेड्स की तत्काल मरम्मत कराने को कहा। एएसपी अनु बेनीवाल ने साफ कर दिया है कि वे सोमवार को दोबारा गोसलपुर थाने का रुख करेंगी। इस पुन:निरीक्षण (रिव्यू) के दौरान वह खुद निर्देशों की जमीनी हकीकत देखेंगी। इस खबर से थाने के स्टाफ की रात की नींद उड़ चुकी है इस अल्टीमेटम के बाद से ही पूरा थाना स्टाफ अपनी कमियों और व्यवस्थाओं को सुधारने में जुट गया है।

## स्कूल से लौट रहे छात्र को चाकू मारा

**जबलपुर ।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समीप स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र को दो बदमाशों ने चाकू मार दिया। पुलिस ने बताया कि विनायक पटेल 17 वर्ष निवासी महगवां परियट थाना पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कक्षा 12 वीं में पढ़ाई करता है रोजाना की तरह गया था हाफडे छुट्टी होने से अपने दोस्तों के साथ सुबह लगभग 11 बजे स्कूल से बाहर निकलकर रोड किनारे खडे थे तभी मोटर सायकल में गुल्लू उपाध्याय, सक्षम दुबे हम लोगों के पास आये और शराब पीने के लिये 700 रूपये मांगने लगे, मना किया तो सक्षम दुबे हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा उसके साथी बीच बचाव करने लगे तभी गुल्लू ने चाकू से हमलाकर उसके वायें पैर की जांघ में चोट पहुँचा दी।

यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
12वीं पास रोज़गार आधारित डी.फार्मा, बी.फार्मा, एल.एल.बी., बी.ए.,बी.कॉम, कम्प्यूटर जैसे अनेकों कोर्सेज के फार्म भरें। English & Hindi Medium Office- 8 am to 4 pm
Nursery, LKG, UKG- Admission, Book, Uniform Fee
इस वर्ष हमारे 40 बच्चों ने लेपटॉप योजना में पाया 10 लाख का फायदा
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहत्तर रिजल्ट लाकर दिखाते है। इसलिए हम देते है बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
सीधे कक्षा 10वीं, 12वीं एवं कॉलेज प्राइवेट / रेग्यूलर फार्म भरने की सुविधा
अधारताल तिराहा- 9303580611,9131455600 अमखेरा रोड, गोहलपुर-9111009016

GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
A Residential & Day Boarding School
NURSERY TO CLASS 12th
ADMISSIONS OPEN 2026-27
BIG DREAMS NEED A BIG START
GVPS SHAPE THE LEADERS OF TOMORROW WITH FUTURE-READY FACILITIES
KEY FEATURES
Affiliated to CBSE
Bus Facility
Air Cooled Hostel
Atal Tinkering Lab
Separate Hostel for Girls & Boys
Safe Campus
Large Playground
Healthy Environment
Greenery in Abundance
State of Art Classrooms
Digital Classrooms
CCTV Surveillance
For more Information
9300154300, 9300119919
Raigwan, Next to Bharat Petroleum, Patan Road, Jabalpur

Mr. Solar महाकौशल का सबसे भरोसेमंद सोलर पार्टनर
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे • विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग • सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Mr. Solar because you deserve the best
Office : Pls call us on 6267100743, 9644555001
Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur

SHINE OF LEARNING FUN & CARE GOLDEN STAR A MONTESSORY SCHOOL
THE BEST CREATIVE LEARNING SCHOOL OF JABALPUR
GOLDEN STAR
For Details Call 9981997833 9981997834
Play Nursery | Nursery KG I - KG II | 1st to VIIIth
CBSE PATTERN OF STUDY
AFFILIATED TO MP BOARD
Mrs. Anamika Singhai Founder
81, Ashok Nagar, In front of Jain Mandir, Adhartal, Jabalpur (M.P.) | Ph. No. : 0761-4115332 | E-mail : goldenstar81@gmail.com

होली लाईट चिल्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अग्रेंजी माध्यम
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन
स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिग, ड्राईग, योग कक्षा, जूड़ों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष सुविधा
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444